दिनांकः 12.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर—अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।
- एयर ऑपरेशन महानिदेशक एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा – भारत की लड़ाई आतंकवादियों और उनके सहयोगी ढांचे से है, न कि पाकिस्तानी सेना से।
- प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में जनजीवन सामान्य हो रहा है—हनुमानगढ, जोधपुर जिलों में शिक्षण संस्थान खोलने के आदेश जारी।

और

- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कई स्थानों पर बारिश हुई—कल से पश्चिमी हिस्सों में तापमान में बढोतरी का पूर्वानुमान।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का यह संबोधन पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद हो रहा है। पहलगाम आतंकी हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक मारे गए थे। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में कई आतंकी और सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया और 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया। इससे पहले दोपहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यनम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुख और कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

000

एयर ऑपरेशन महानिदेशक एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा है कि भारत की लड़ाई आतंकवादियों और उसके सहयोगी ढांचे से है, न कि पाकिस्तानी सेना से। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने नागरिक और सैन्य बुनियादी ढांचे को किस तरह कम से कम नुकसान पहुंचाया है। भारतीय सशस्त्र बलों की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सेना, नौसेना और वायु सेना की रक्षा प्रणालियां शामिल हैं।

---------------------------

प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने दुश्मन के ड्रोन, लड़ाकू विमान और मिसाइलों को नाकाम किया।

इससे देश को कम से कम नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल इसके लिए पूरी तरह तैयार थे।

-----------------------

डीजीएमओ श्री घई ने ऑपरेशन में सहयोग के लिए बीएसएफ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण तालमेल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को सरकार, विभागों और एजेंसियों तथा देश के 140 करोड़ लोगों का पूरा समर्थन है।

नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा कि नौसेना एक समग्र नेटवर्क बल के रूप में काम करती है जो सभी क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले खतरों से एक साथ निपटने में सक्षम है।

-----------------

उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने पहलगाम आतंकी घटना के तुरंत बाद, अपनी मिसाइल रोधी और विमान रोधी रक्षा क्षमता का प्रदर्शन किया। वाइस एडमिरल प्रमोद ने कहा कि भारतीय नौसेना ने पाकिस्तानी हवाई हमलों को मकरान तट के पास नियंत्रित रहने के लिए मजबूर किया, जिससे समुद्री क्षेत्र का खतरा टल गया।

000

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद नागर विमान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किए गए 32 हवाई अड्डों को अब तत्काल प्रभाव से खोल दिया गया है। इससे पहले इन 32 हवाई अड्डों को इस महीने की 15 तारीख तक नागर विमान परिचालन के लिए बंद रखा गया था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एक बयान में यात्रियों को सलाह दी है कि वे सीधे एयरलाइनों से उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइनों की वेबसाइट पर नज़र रखें। वहीं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। लोगों से कहा गया है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छुएं क्योंकि वह विस्फोटक हो सकती है। एन.डी.एम.ए. ने कहा कि अगर लोगों को कोई संदिग्ध वस्तु मिले तो तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें।

000

केंद्र सरकार ने अपनी ताजा ब्रीफिंग में पाकिस्तानी सेना के दावे का भंडाफोड किया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चैक इकाई ने कहा कि पाकिस्तान साक्ष्य के तौर पर छेडछाड वाली फुटेज दिखाकर अपने लोगों को गुमराह कर रहा है। इस कठिन समय में हर सूचना की सावधानीपूर्वक जांच करने की आवश्यकता है। अगर आपको संदिग्ध सामग्री विशेषकर भारतीय सशस्त्र बलों या मौजूदा स्थिति से संबंधित कोई अन्य सूचना दिखाई दे तो आप पी आई बी फैक्ट चैक इकाई को सूचित करें। आप ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नम्बर 8799711259 और ईमेल आईडी– थ्बजबीमबा/चपइण्हवअण्पद पर भी साझा कर सकते हैं।

000

-------------------------

000

प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में पूरी सतर्कता बरती जा रही है। श्रीगंगानगर जिले और उसके चार उपखंडों में सीमा से सटे तीन किलोमीटर क्षेत्र में कड़े प्रतिबंध लागू किये गए हैं। अब शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक इस क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। खेती के काम के लिए भी अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। टॉर्च या गाड़ियों की हेडलाइट का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर बीकानेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में बीती रात ब्लैकआउट रहा। जोधपुर और हनुमानगढ जिले में जिला प्रशासन ने आज शिक्षण संस्थाओं में घोषित किये गये अवकाश के

आदेश को वापस ले लिया है। कल से यहां शिक्षण गतिविधियां शुरू होगी। जैसलमेर में भी अब स्थिति धीरे–धीरे सामान्य हो रही है। बाजारों में चहल–पहल नजर आ रही है।

..............................

जोधपुर, किशनगढ़ और बीकानेर एयरपोर्ट को अब दोबारा ऑपरेशनल कर दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी फ्लाइट की जानकारी संबंधित एयरलाइंस से ही प्राप्त करें।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुशासन के उच्चतम मानकों के अनुरूप अधिकारी–कर्मचारी आमजन की परिवेदनाओं पर कार्यवाही करें। श्री शर्मा आज जयपुर में अपने निवास पर जनसुनवाई कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को इनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

000

आज बुद्ध पूर्णिमा है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांतों पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान बुद्ध का जीवन विश्व समुदाय को हमेशा करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश में वैशाख बुद्ध पूर्णिमा का पर्व पारम्परिक श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ, चूरू सहित कई जिलों में इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। वहीं आज बड़ी संख्या में विवाह समारोह भी आयोजित हो रहे हैं।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर आंधी और हल्की बारिश का दौर जारी है। भीलवाड़ा और झुन्झुनू जिले में आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। वहीं पाली जिले में कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ओले भी गिरे। बीते चौबीस घंटों में राज्य में सबसे ज्यादा 42 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बीकानेर में दर्ज हुआ।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा और उदयपुर संभागों में कहीं–कहीं वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने बताया कि कल से पश्चिमी राजस्थान के कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश की गतिविधियों में कमी आने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म के उपलक्ष में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद हर साल इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाता है। इस वर्ष का विषय है– "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य–नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण।"

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि नर्सों का कल्याण सीधे तौर पर देश की स्वास्थ्य प्रणाली की मज़बूती और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में नर्सों की करुणा, शक्ति और प्रतिबद्धता की सराहना की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर चिकित्सा क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से सेवारत सभी नर्सिंग कर्मियों को बधाई दी है।

प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर, सवाईमाधोपुर, पाली सहित कई शहरों में सरकारी और निजी अस्पतालों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर जुटे नर्सिंग कर्मियों ने फोरेन्स नाईटिंगेल के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि दी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर **1800–11–7800** के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं **नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम** के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

000